University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

प्रो अमिता बाजपेयी
राज्य समन्वयक, जेईई बी.एड. 2020
Prof Amita Bajpai
State Coordinator, JEE B.Ed. 2020

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

प्रेस नोट

आगामी 09 अगस्त 2020 को आयोजित होने वाली, संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ 2020–22 के सभी अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रवेश–परीक्षा के सुचारू संचालन की सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो इस हेतु प्रदेश सरकार, उ॰प्र॰ शासन, जिला–प्रशासन के साथ तालमेल बनाते हुए, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों की सुरक्षा हेतु सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्येक परीक्षा–केंद्र पर वर्तमान में कोविड–19 के कारण बदली हुई परिस्थितियों के दृष्टिगत समस्त प्रोटोकॉल एवं निर्देशों का पूर्ण पालन कराया जा रहा है। इस हेतु प्रत्येक परीक्षार्थी की थर्मल–स्क्रीनिंग व सभी परीक्षा–कक्षों एवं फर्नीचर इत्यादि को सैनिटाइज कराने की पूरी व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक निजी यातायात, यथा : टेंपो, टैक्सी, ओला, उबर, प्राइवेट व सरकारी बसें इत्यादि दिनांक 08 व 09 अगस्त 2020 को सुचारू रूप से चलती रहेंगी। सभी अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश पत्र के साथ आवागमन की समुचित अनुमति सरकार द्वारा दे दी गई है।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा व सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए निर्भय होकर संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ 2020–22 में सम्मिलित हों। आयोजक विश्वविद्यालय उनकी सुरक्षा व स्वास्थ्य हेतु पूर्णतया जागरूक है तथा सभी वांछित व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

समस्त परीक्षार्थियों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

भवदीया,

(प्रो॰ अमिता बाजपेयी)
राज्य समन्वयक
सयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2020